# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:- तीसरी विषय:हिंदी पाठ:- १४ ( पेड़ लगाओ, धरा सजाओ)

**शब्दार्थ**

१ . रसीले - रस से भरे

२ . पल - क्षण

३ . संख्या - गिनती

४ . दुहराओ - दोबारा से करना

५. हरियाली - हरे - भरे पेड़ों का समूह

६ . खुशहाली - संपन्नता

७. समृद्धि - खुशहाली

८ . भू - धरा

९ . वृक्षारोपण - पेड़ - पौधे लगाना

१० . खूब - बहुत ज्यादा

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न १. पेड़ हमें कैसे फल देते हैं ?

उत्तर - पेड़ हमें मीठे और रसीले फल देते हैं ।

प्रश्न २ . पेड़ घर - घर में क्या लाते हैं ?

उत्तर -  पेड़ घर - घर में खुशहाली लाते हैं ।

प्रश्न ३. पेड़ों से हमें क्या - क्या मिलता है ?

उत्तर - पेड़ों से हमें फल , फूल ,छाया, भोजन, और जीवन मिलता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न १. हम पेड़ों के साथ क्या गलत करते हैं ?

उत्तर - पेड़ हमें जीवन देकर हम पर उपकार करते हैं ,और हम इन्हें काटने की गलती करते हैं ।

प्रश्न २. 'हर आँगन एक बाग बनाओ ' से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - ' हर आँगन एक बाग बनाओ ' का अर्थ है कि हमें हर घर में पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हर घर एक बगीचे की तरह नजर आए ।

प्रश्न ३. पेड़ धरती को स्वर्ग  कैसे बनाते हैं ?

उत्तर - पेड़ धरती पर सुख - समृद्धि  बढ़ाते हैं। धरती पर हरियाली लाते हैं , पेड़ हैं तो धरती पर जीवन संभव है । इसलिए पेड़ धरती को स्वर्ग बनाते हैं।

## वाक्य प्रयोग

१. वृक्षारोपण - पेड़ - पौधे लगाना

वाक्य -हमें समय-समय पर वृक्षारोपण करते रहना चाहिए।

२. भू - धरती

वाक्य -  पेड़ ,भू को स्वर्ग बनाते हैं।

३. पल - क्षण

वाक्य -हमें हर पल भगवान का सिमरन करना चाहिए।

४. रसीले - रस से भरे

**वाक्य - रसीले आमों को देख मुहँ में पानी आ गया।**